हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

06 संगीतमय श्री राम कथा में राम जन्म से सीताराम...



09 5 लाख की फिरौती के लिए अपहरण करने वाला एक आरोपी...





## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ महाविद्यालय में परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें विषय पर कार्यशाला आयोजित

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में राष्ट्रीय कार्यबल (NTF) प्रकोष्ठ के अंतर्गत "परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।अपने उद्बोधन में डॉ. माया परस्ते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि छात्र-छात्राएं पूरे वर्ष नियमित रूप से अध्ययन करें तो परीक्षा के समय तनाव स्वतः कम हो जाता है।इसी क्रम में डॉ. पूनम नामदेव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जिसके माध्यम से वे अपने ज्ञान और क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक कुमारी प्रतिभा दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के समय तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे नियंत्रित करना आवश्यक है। उन्होंने समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को तनाव से मुक्ति के प्रमुख उपाय बताए।कार्यशाला का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती मीना मेवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोहिणी यादव, निकिता सैनी, पूर्ति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के स्टाफ में हीरालाल पटेल, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. निसार अहमद गनी, डॉ. पूर्णिमा गुप्ता, डॉ. सोनाली सक्सेना, डॉ. रजनी शर्मा, रिंकी जादव, योगेश भदौरिया एवं आशीष दुबे ने भी सहभागिता की।कार्यक्रम के अंत में डॉ. विजय सिंह कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से हिंगोना के तीन लोगों के खिलाफ जारी हुआ जेल के लिए गिरफ्तारी वारंट

**गुना।** शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के संबंध में एक अभियान चलाकर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं राघोगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी द्वारा तहसील मकसूदनगढ़ के अवधनारायण पुत्र शंकरलाल मीणा कमलपुरा तथा हिंगोना निवासी लखन पुत्र जयनारायण मीणा उधम सिंह पुत्र शिवनारायण मीणा द्वारा ग्राम कमलपुरा स्थित सर्वे क्रमांक 101 रकवा 1.672 हिंगोना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 364 रकवा 2.09 हेक्टेयर पर पटवारी रिपोर्ट अनुसार गेहूं की फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था जिसमें प्रकरण क्रमांक 0037 एवं 0038/ अ - 68/2025 26 के तहत कार्यवाही कर आदेश पारित किया गया था लेकिन 7 दिवस पश्चात भी अतिक्रमण न हटाने पर अर्थदण्ड आरोपित कर बेदखल किया गया था फिर भी अतिक्रमण न हटाने पर तहसीलदार मधुसुदनगढ़ के प्रतिवेदन पर उपखंड अधिकारी राघोगढ़ द्वारा मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 में निहित प्रावधानों के तहत जेल वारंट जारी किया गया है। जिसमें प्रथम बेदखली पर 15 दिन एवं पश्चातवर्ती शासकीय भूमि पर कब्जे के तहत 6 महीने की जेल का प्रावधान है। शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की अर्थ दण्ड वसूली के लिए लगातार ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित किया जा रहे हैं।



### उकावद गांव में अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन की छापामार कार्रवाई, चार क्लीनिक सील

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ शअमित सोनी के नेतृत्व में मधुसूदनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उकावद में बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के संचालित क्लीनिकों के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की गई।यह कार्रवाई क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों एवं समाचार-पत्रों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए की गई। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ के साथ तहसीलदार मधुसूदनगढ़ एवं खंड चिकित्सा अधिकारी (BMO) राघौगढ़ सहित स्वास्थ्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग का संयुक्त दल मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान ग्राम उकावद में संचालित चार क्लीनिक—चिरौंजीलाल बंजारा, दीपेश नामदेव, भारत सिंह मीणा एवं राजू नायक—के संचालकों से चिकित्सकीय योग्यता से संबंधित वैध डिग्री एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई भी प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। प्रथम दृष्टया क्लीनिकों का संचालन अवैध पाए जाने पर सभी क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से सीलबंद कर दिया गया। साथ ही मौके पर उपलब्ध दवाइयों एवं उपकरणों को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु पुलिस के सुपुर्द किया गया।कार्रवाई के दौरान अन्य अवैध क्लीनिक संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान कर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पंजीयन एवं चिकित्सकीय योग्यता के चिकित्सा कार्य करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में आगे भी सतत अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### एसडीएम राघौगढ़ ने किया ग्राम पंचायत टोडरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**गुना ।** अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा मकसूदनगढ़ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत टोडरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र बंद पाया गया। सूचना प्राप्त होने पर सीएचओ मौके पर पहुंचे, किंतु ओपीडी, स्टॉक रजिस्टर सहित आवश्यक अभिलेख अपूर्ण पाए गए। उक्त अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान बीएमओ धर्मेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



# श्रीराम नवमी पर शहर में निकालेंगे भव्य शोभायात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भगवान श्रीराम के पावन जन्मोत्सव राम नवमी के अवसर पर शहर में इस वर्ष भी भव्य और पारंपरिक रूप से धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

रघुवंशी समाज के तत्वावधान में होने वाले इन आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिल रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत 26 मार्च को सुबह 9 बजे अखंड रामायण पाठ के साथ हुई, जो पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से निरंतर जारी रहा। आयोजन स्थल पर भक्तों की उपस्थिति बनी रही, जहां श्रीराम के चरित्र और आदर्शों का गुणगान किया गया।इसके अगले दिन 27 मार्च को प्रातः 9 बजे विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें "भये प्रगट कृपाला" की मंगलमयी आरती के साथ श्रीराम जन्म की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठेंगे और पूरा वातावरण राममय हो जाएगा।आरती के उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रताप छात्रावास प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों—जगदीश कॉलोनी, हाट रोड, सराफा बाजार, जय स्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा और नगरपालिका क्षेत्र से होते हुए पुनः प्रताप छात्रावास पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन, ध्वज पताकाएं और विभिन्न धार्मिक स्वरूपों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की जाएगी, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों एवं सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।साथ ही आयोजकों ने सभी से आग्रह किया है कि अपने-अपने घरों में भी भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करें और कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखते हुए पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हों, जिससे आयोजन की गरिमा और एकरूपता बनी रहे।



### कलेक्टर ने वीडियो संदेश जारी किया और बताया पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता का गणित

# अफवाह बनाम हकीकतः पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, पैनिक से परेशानी बढ़ी





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में बीती रात पेट्रोल पंपों पर अचानक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हर कोई अपने वाहन का टैंक फुल कराने की होड़ में नजर आया, वहीं कई किसान भी डीजल का भंडारण करते दिखाई दिए। रसोई गैस एजेंसियों और गोदामों पर पहले से ही लंबी लाइनें लग रहीं हैं, जबकि शहर में लोग मोटरसाइकिलों पर सिलेंडर ढोते भी देखे जा रहे हैं। हालात ऐसे बन गये है मानो ईंधन और गैस की भारी किल्लत हो गई हो।लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि जितनी समस्या जमीनी स्तर पर नहीं थी, उससे कहीं ज्यादा लोगों में डर और पैनिक देखने को मिला। अफवाहों ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया। कुछ लोगों ने मौके का फायदा उठाकर गलत सूचनाएं फैलाने का काम किया, जिससे आमजन में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और प्रशासन के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो जाती है। अमेरिका-ईरान के बीच तनाव की खबरों के बीच ईंधन संकट को लेकर अफवाहों का दौर चल रहा है। इसी के चलते रात करीब 8-9 बजे के आसपास पेट्रोल पंपों पर भीड़ अचानक बढ़ गई। हालांकि 1-2 घंटे बाद स्थिति अपने आप सामान्य भी हो गई। गुरुवार सुबह से शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर हालात सामान्य रहे।इधर, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने वीडियो संदेश जारी कर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है और वितरण के बाद भी सिलेंडर बच रहे हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल रही है।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अनावश्यक रूप से ईंधन और गैस का भंडारण न करें, इससे कृत्रिम कमी की स्थिति बनती है और जरूरतमंद लोगों को परेशानी होती है।

#### लोग संयम और समझदारी से काम लें

इस पूरे घटनाक्रम ने दो सच्चाइयों को सामने ला दिया है। एक तरफ अफवाह फैलाने वाले लोग हैं, जो हालात बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर आमजन भी बिना सत्यता जांचे घबराकर जरूरत से ज्यादा संसाधन जुटाने लगते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।जरूरत इस बात की है कि लोग संयम और समझदारी से काम लें और प्रशासन की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। वरना अफवाहें ही असली संकट बन जाती हैं, न कि वस्तुओं की कमी।





### कुंभराज शासकीय कॉलेज में अव्यवस्थाओं का अंबार, छात्र-छात्राएं परेशान हो रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुंभराज

नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित शासकीय कॉलेज में इन दिनों अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विद्यार्थियों के अनुसार, कॉलेज में पीने के पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाएं भी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

इसके अलावा दूरस्थ स्थान पर स्थित होने के कारण छात्रों को आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए बताया कि प्रभारी रवि यादव सहित कई शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की अनुपस्थिति और मनमानी के चलते शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।सबसे गंभीर समस्या सूचना तंत्र की बताई जा रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर नहीं दी जातीं, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इसी लापरवाही के कारण छात्रा अनसूया मीणा परीक्षा देने एक घंटे की देरी से पहुंची

छात्र-छात्राओं ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सुविधाओं के अभाव के चलते कॉलेज में ड्रॉप आउट रेट भी बढ़ रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।कॉलेज में पानी, बिजली, सूचना व्यवस्था और प्रबंधन की खामियों को लेकर विद्यार्थियों में रोष बढ़ता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब ध्यान देते हैं और छात्रों को इन समस्याओं से राहत मिलती है। छात्रों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर अपनी समस्याएं साझा कीं।

### खेत में सिंचाई कर रहे किसान की करंट से मौत, टूटे बिजली तार से हादसा हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम करोद में एक दर्दनाक हादसे में 30 वर्षीय युवा किसान की करंट लगने से मौत हो गई। खेत में मूंग की फसल की सिंचाई कर रहे किसान पर अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम करोद निवासी राजकुमार यादव (30) पिता ब्रजभान सिंह यादव बुधवार शाम करीब 4 बजे अपने खेत में फसल की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन का एक तार अचानक टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। करंट की चपेट में आने से वे मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े।घटना के समय पास में मौजूद उनके चाचा ने साहस दिखाते हुए सूखी लकड़ी के डंडे से तार को अलग किया और परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि राजकुमार खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कैंट पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर बिजली लाइनों की स्थिति और उनके रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# सूचना संकलन व अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने महत्वपूर्ण बैठक ली

बैठक लेकर सूचना कार्य में लगे कर्मचारियों को दिए सख्त एवं महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं अपराधों की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा 26 मार्च को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागार में "सूचना संकलन" विषय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में जिला विशेष शाखा एवं आसूचना कार्य में लगे सभी थानों के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे । पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सूचना संकलन (इंटेलिजेंस कलेक्शन) पुलिस कार्यप्रणाली का अत्यंत महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से अपराधों की पूर्व में ही रोकथाम संभव है। उन्होंने बीट प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने, मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में घटित होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी भी गंभीरता से संकलित की जाए, जिससे भविष्य में संभावित अपराधों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से असामाजिक तत्वों, आदतन अपराधियों एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए ।बैठक के दौरान आगामी त्योहारों एवं विशेष अवसरों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण बढ़ाने, आमजन से संवाद स्थापित करने तथा विश्वास कायम रखने पर विशेष जोर दिया । बैठक में सूचना के आदान-प्रदान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी बल दिया गया । अंत में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके ।









## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ एवं चाचौड़ा में बीएसएनएल के उपभोक्ता सहायता केंद्र पुनः चालू किए जाए

दिग्विजय सिंह ने सिंधिया को पत्र भेजा

**राघौगढ़।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने संचार मंत्री श ज्योतिरादित्य सिंधिया को विस्तृत पत्र भेज कर मांग की है कि राघौगढ़ एवं चांचौड़ा में बी एस एन एल के उपभोक्ता सहायता केंद्र लंबे समय से बंद हैं इन सहायता केद्रों को पुन चालू किया जाए। सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने इन उपभोक्ता सहायता केंद्रों के बंद होने से हो रही परेशानी की ओर पत्र के माध्यम से श्री दिग्विजय सिंह का ध्यान आकर्षित किया था। श्री सिंह ने श्री सिंधिया को भेजें विस्तृत पत्र में उल्लेख किया है उपभोक्ता सहायता केंद्र बंद होने से बी एस एन एल के उपभोक्ताओं को जिनकी सिम गुम हो गई है या खराब हो गई है सिम बदलवाने के लिए गुना जाना पड़ता है। सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को गुना तक जाने आने में भारी परेशानी हो रही है। अपने पत्र में लिखा है बी एस एन एल ने आम उपभोक्ताओं को सुदूर ग्रामीण अंचलों तक प्राथमिकता से सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। मगर उपभोक्ता सहायता केंद्र बंद होने से हो रही परेशानी को दूर करने एवं दोनों नगरों में उपभोक्ता सहायता केंद्र शीघ्र चालू करने के आदेश देने का अनुरोध किया है।

### नवीन शिक्षण - संस्थान सन शाइन एजुकेशन इंग्लिश स्कूल राघोगढ़ का शुभारंभ




**चांचौड़ा।** कक्षा नर्सरी से 8th का शुभारंभ गाडरवारा धाम के पंडित दीपक परिक महाराज के आगमन के साथ भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन एवं विद्यालय का शुभारंभ गुरूजी के करकमलो से कराया गया। पूजनीय गुरूजी के द्वारा संदेश दिया यह नया शिक्षण संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। ज्ञान ही सफलता की कुंजी हैं परम् पूजनीय गुरूजी के द्वारा शुभकामनायें प्रेषित क्री इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक महेश प्रसाद भारद्वाज, रामनाचार्य कैलाश नारायण भारद्वाज, विद्यालय के संचालक अखिलेश भारतद्वाज, प्राचार्य संगीता भारद्वाज, अभिलेश शर्मा सहित शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका विजय भार्गव एवं राजकुमार अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न कराया गया विद्यालय के संचालक अखिलेश भारद्वाज के द्वारा कार्यक्रम पधारे समस्त धर्म प्रेमी बन्धुयों का आभार व्यक्त किया गया। साथी उन्होंने कहा कि नगर की शिक्षा के क्षेत्र में हमारा स्कूल नित्य आयाम बनाएंगे हमारा उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके।

### रामनवमी के पावन पर्व पर होगा विशेष गीता स्वाध्याय

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा दिनांक 27/3/26को शुक्रवार को शाम पांच बजे शास्त्री पार्क स्थित शिवालय मंदिर पर विशेष गीता स्वाध्याय का आयोजन किया गया है। यजमान उमाशंकर भार्गव ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है इस अवसर पर गीता जी के पन्द्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग का पूरा स्वाध्याय किया जायेगा। समय का विशेष ध्यान रखें।

# संगीतमय श्री राम कथा में राम जन्म से सीताराम विवाह तक का भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चांचौड़ा के ग्राम पुरा लखनवास स्थित शांति आश्रम छतरी सरकार श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है।इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नित्य गोपाल दास जी महाराज (छोटी छावनी, अयोध्या) की प्रेरणा से, मार्गदर्शक श्री 108 महंत भगवान पुरी जी महाराज (जूना अखाड़ा आश्रम) एवं संत श्री 108 सियाराम दास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका साध्वी किशोरी प्रिया रामायणी तिवारी (श्री किशोरी कृपा कुंज ट्रस्ट, रामायणी आश्रम, श्रीधाम अयोध्या) द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा है। कथा के तृतीय दिवस पर उन्होंने भगवान श्री राम के जन्म से लेकर माता सीता के साथ उनके विवाह तक की दिव्य और प्रेरणादायक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा में बताया गया कि अयोध्या नगरी में महाराज दशरथ के यहां भगवान श्रीराम का अवतार हुआ। उनके साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। श्रीराम बाल्यकाल से ही मर्यादा, विनम्रता और धर्म के प्रतीक रहे।गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने के बाद, ऋषि



विश्वामित्र के साथ वन गमन के दौरान श्रीराम ने ताड़का वध कर धर्म की रक्षा की और अहिल्या का उद्धार किया। आगे चलकर उन्होंने ऋषियों के यज्ञ की रक्षा करते हुए राक्षसों का संहार किया।इसके पश्चात जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर में भगवान शिव के धनुष को भंग कर श्रीराम ने माता सीता से विवाह किया। यह दिव्य विवाह संपूर्ण सृष्टि के लिए आनंद और मंगल का प्रतीक बना।कथा के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो रहे हैं और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा ले रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक आयोजित की जा रही है।समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस आयोजन के मुख्य यजमान दीपक मीना हैं, जबकि समस्त क्षेत्रवासी इसके आयोजक हैं।

### "श्रीराम कभी रन आउट नहीं होते": आचार्य पुरुषोत्तम पारीक ने दी अनोखी क्रिकेट उपमा

**चाचौड़ा।** नगर स्थित केसरी गार्डन में आयोजित श्री राम कथा के दौरान रामायणाचार्य पंडित पुरुषोत्तम पारीक ने भगवान श्रीराम के जीवन को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए अनोखी शैली में व्याख्या की। उन्होंने कहा कि "श्रीराम हमारे ऐसे क्रिकेटर हैं जो कभी रन आउट नहीं होते।"अपने प्रवचन में आचार्य पारीक ने कहा कि श्रीराम चौके नहीं लगाते और न ही दो रन के लिए दौड़ते हैं, बल्कि वे सीधे छक्का लगाते हैं। उन्होंने समझाया कि भगवान श्रीराम का 'छक्का' शौर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य है। बाउंड्री पार करने का अर्थ है मनुष्य की सीमाओं से ऊपर उठ जाना।उन्होंने




आगे कहा कि श्रीराम को कोई 'कैच' नहीं कर सकता। रावण ने भी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। आचार्य ने वर्तमान समय की तुलना करते हुए कहा कि आज की क्रिकेट टीम की तरह श्रीराम का व्यक्तित्व नहीं है, जो एक दिन पहले स्थान पर हो और दूसरे दिन तीसरे स्थान पर पहुंच जाए। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं।इस अवसर पर भक्तमाल मंदिर के प्रधान पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा, दिव्य राज सिंह जादौन (ग्वालियर), जगदीश सिंह मीना (आरटीओ), श्याम मीना (कीताखेड़ी), राजेश खंडेलवाल, गोपाल बंसल, प्रकाश चंद जैन, कैलाश नारायण (कमिश्नर), रामजीवन मीना, पी.सी. मीना (ठेकेदार) सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### राम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन के सदर बाजार स्थित राम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। मंदिर में सुबह से ही भजन-कीर्तन का आयोजन शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे और भक्ति में लीन दिखाई दिए। ठीक दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्म के शुभ मुहूर्त पर विधि-



विधान से आरती की गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। सभी भक्तों ने मिलकर भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया और अपने परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।गौरतलब है कि यह प्राचीन राम मंदिर नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसी मंदिर से नवरात्रि के दौरान प्रसिद्ध डुंडी यात्रा भी निकाली जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं।

## हनुमान जयंती व रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

आगामी हनुमान जयंती एवं रामनवमी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में एसडीएम चाचौड़ा श्री रवि मालवीय एवं एसडीओपी श्री मनोज झा द्वारा जुलूस एवं त्योहार आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के जुलूस निकालने से पूर्व संबंधित आयोजकों को अनिवार्य रूप से अनुमति लेना होगी। साथ ही जुलूस में शामिल लोगों की




संख्या निर्धारित रखने, तय समयसीमा के भीतर जुलूस समाप्त करने तथा निर्धारित मार्ग (रूट) का ही पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन ने शस्त्रों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ आमजन की सुविधा के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया है। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम नागरिकों के साथ सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए हैं।अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, जिससे क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बनी रहे।

# गुना उत्कृष्ट विद्यालय में मूल्यांकन कार्य में अनियमितताओं के आरोप, मंडल नियमों की अनदेखी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना में संचालित बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य के दौरान गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि सामाजिक विज्ञान विषय के मुख्य परीक्षक की नियुक्ति में माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमों का उल्लंघन किया गया है।जानकारी के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी 2026 से विद्यालय में जारी है। चतुर्थ चरण के मूल्यांकन के लिए 22 मार्च 2026 को सामाजिक विज्ञान विषय के मूल्यांकनकर्ताओं को बुलाया गया था। नियमानुसार मुख्य परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक की नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर की जानी थी, लेकिन आरोप है कि इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।मामले में कहा जा रहा है कि वरिष्ठता क्रम को नजरअंदाज करते हुए जूनियर शिक्षक मनमोहन मालवीय (एमएलबी स्कूल, गुना) को सामाजिक विज्ञान का मुख्य


कार्यालय प्राचार्य शा0उत्कृष्ट उ0मा0वि0,गुना म0प्र0
क्रमांक /मूल्यांकन /2026/104 गुना दिनांक–21.03.2026
प्रति,
समस्त प्राचार्य
शा0 हाई स्कूल/हायर सेके0
जिला गुना (म.प्र.)
विषय– हाईस्कूल चतुर्थ चरण का मूल्यांकन दिनांक 22.03.2026 से प्रारंभ होने बावत।
संदर्भ – माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल का पत्र क./गोपनीय/स./769 भोपाल दिनांक 16.03.2026।
उपरोक्त विषय एवं संदर्भित निर्देश के क्रम में लेख है कि हाईस्कूल चतुर्थ चरण का मूल्यांकन जो कि दिनांक 23.03.2026 से प्रारंभ होना था, लेकिन माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल से मिले निर्देश के क्रम में चतुर्थ चरण का मूल्यांकन दिनांक 22.03.2026 से प्रारंभ होना है।
अतः आपके विद्यालय में पदस्थ हिन्दी, विज्ञान एवं सा.विज्ञान के सूची अनुसार शिक्षकों को दिनांक 22.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे।मूल्यांकन कार्य हेतु मूल्यांकन केन्द्र शा0उत्कृष्ट उ0मा0वि0,गुना में उपस्थित होने हेतु कार्यमुक्त करें।
प्राचार्य/मूल्यांकन अधिकारी
शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.,गुना
पृ.क्रमांक /मूल्यांकन/2026/105 गुना दिनांक–21.03.2026
प्रतिलिपि–
1. सचिव मा0शि0म0म0प्र0 भोपाल ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय जिला–गुना की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिला पंचायत गुना की ओर सादर सूचनार्थ।
4. जिला शिक्षा अधिकारी महोदय जिला गुना की ओर सादर सूचनार्थ।
5. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला गुना की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त संकुल प्राचार्य जिला गुना की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
प्राचार्य/मूल्यांकन अधिकारी
शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.,गुना

परीक्षक नियुक्त कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ शिक्षक यशवंत सिंह धाकड़ को यह जिम्मेदारी नहीं दी गई। विशेष बात यह भी बताई जा रही है कि मनमोहन मालवीय पहले से ही 17 मार्च 2026 से भूगोल एवं समाजशास्त्र विषय के सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत थे, जिसका कार्य पूर्ण हुए बिना ही उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप दी गई।मंडल के नियमों के अनुसार, किसी शिक्षक को एक विषय के मूल्यांकन कार्य के पूर्ण होने से पहले अन्य विषय में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से बदलाव किए गए।बताया गया कि जब इस संबंध में वरिष्ठ शिक्षक यशवंत सिंह धाकड़ द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई, तो मूल्यांकन प्रभारी एच.एन. जाटव ने इसे "टीम वर्क" बताते हुए आपत्ति को नजरअंदाज कर दिया। इसके अतिरिक्त, एक अन्य मामले में मदन मोहन शर्मा को भी नियमों के विपरीत उपमुख्य परीक्षक बनाए जाने के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि वे पूर्व में विज्ञान विषय के शिक्षक रहे हैं और वर्तमान में उच्च पद प्रभार के अंतर्गत भूगोल विषय में कार्यरत हैं, बावजूद इसके उन्हें सामाजिक विज्ञान मूल्यांकन में जिम्मेदारी दी गई।इस प्रकार की कथित अनियमितताओं को लेकर शिक्षकों में असंतोष देखा जा रहा है। मामले को लेकर जिला प्रशासन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में भारतीय ज्ञान परंपरागत के तत्वाधान में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

विशेष अतिथि के रूप में साइबर क्राइम ब्रांच अशोकनगर से उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित एवं सहायक उप निरीक्षक अभिजीत बिसेन व सहायक उपनिरीक्षक मनजीत त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है। इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ जानकारी को हमारे व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारी को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। साइबर क्राइम ब्रांच अशोकनगर से उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा अज्ञात लिंक एवं ईमेल से सावधान रहें, यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की आशंका हो तो तुरंत सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित करें और राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। साथ ही सहायक उप निरीक्षक अभिजीत बिसेन ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रभारी डॉ. विजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता भार्गव, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश अहिरवार, डॉ. राजकुमार जाट, डॉ. अमित द्विवेदी, प्रमोद पवार, निहाल साद, जितेंद्र ओझा, अरविंद कौशिक सहित 70 विद्यार्थियों ने सहभागिता की अंत में डॉ. रेखा शर्मा ने पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## प्रताड़ित करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रताड़ति करने वाले 06 आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार किए हैं। 26 दिसबंर 2024 को थाना नईसरांय में फांसी लगाने से मृत्यु होने पर से मर्ग क्रमांक 26/24 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मृतक राजू खान पुत्र लतीफ खान उम्र 30 साल निवासी रमतला मोहल्ला कोलारस जिला शिवपुरी का एंड्रोईड मोबाईल जप्त किया गया, मोबाईल में मृतक द्वारा आत्महत्या करने से पूर्व स्वयं के मोबाईल में बनाई गई वीडियो क्लिप की सत्यता की जांच के लिये मृतक के मोबाईल को सायबर सेल भोपाल भेजा गया। भोपाल से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर 06 आरोपियों के विरूद्ध आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के संबंध में दिनांक 22.03.26 को अपराध क्रमांक 71/26 धारा 108,3(5) कायम कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र कंवर एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि मनीष सिंह गुर्जर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन टीमें गठित की गई। उक्त टीमें भोपाल, गुना एवं अशोकनगर के लिये रवाना की गयी। आपसी समन्वय स्थापित कर एक साथ दबिस देते हुये थाना जहांगीराबाद भोपाल के 56 चैराहा क्षेत्र से 02 आरोपी, इंदिरा कालोनी शाजापुर से 02 आरोपी, कुरैशी मोहल्ला नईसरांय से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### आध्यात्मिक शो की तैयारियों में जुटा जैन समाज

# आचार्य श्री ने अंतिम समय तक संयम का पालन किया: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा आयोजित किए जा रहे आध्यात्मिक शो बर्धमान से वर्तमान के गाथा के आयोजन के लिए तैयारिया शुरू कर दी गई है जिसमें कई टीमों बनाकर इस कार्य के लिए जुट गई है। जिससे यह शो सफल हो,यह आयोजन नगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज संसघ के सानिध्य में सम्पन्न होना है जिसमें देश के कई बड़े जाने माने कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया जाएगा।

महावीर जयंती पर आयोजन होने वाले इस आयोजन में जिले के अलावा प्रदेश स्तर के नेताओं को बुलाने की कवायद भी शुरू हो गई है,वही संत निवास पर संगीतमय आचार्य की पूजन की जा रही है जिसमें चार परिवारों द्वारा अष्ट द्रव सजाकर अपने घरों से बैंड बाजे के साथ संत निवास पहुंचे और आचार्य श्री की पूजन की गई। वहीं इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि आप लोग देखिए कि किस तरह आचार्य श्री ने अपने अंतिम समय में भी संयम के साथ समाधि को धारण किया यह अपने आप में उनकी साधना को दर्शाता है जिस तरह उन्होंने अपना चर्या का पालन किया।



### एतिहासिक रहेगा आध्यात्मिक शो

नगर में महावीर जयंती को होने वाला आध्यात्मिक शो ऐतिहासिक रहने वाला जिसमें देश को बड़ी हस्ती इस नाटक मंचन करेगी उसके कई कलाकार ऐसे है जो टीवी शो इंडिया गॉट टैलेंट में अपनी प्रतिभा को दर्शा चुके है,वही दिगम्बर जैन पंचायत में इस आयोजन में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है जिसकी तैयारी की जा रही है।

## जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, सचिव/ न्यायाधीश नीष अनुरागी, न्यायाधीश शुभम द्विवेद्वी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल विष्णु नारायण बिरथरे की उपस्थिति में गुरूवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक सक्षारता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल




से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया।

# आप प्रभु की भक्ति पूजा करते हैं तो बदले में आपकी भी प्रशंसा होगी: मुनिश्री अविचल सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

आप जिन प्रभु की भक्ति पूजा करते हैं तो बदले में आपकी भी प्रशंसा होगी। आपको लोग अच्छा कहेंगे। अलग अलग काम करने से अलग अलग पुण्य की प्राप्ति होती है। यदि आप औषधि दान करेंगे तो आप का शरीर निरोगी स्वस्थ सुन्दर वलीष्ट रहेगा। आपको कौन सा पुण्य चाहिए क्षमा से विनय से दया से या बहुत मधुर वचन बोलकर कोमल शब्दों को बोलकर बहुत पुण्य कमाना होगा। उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

धर्म सभा में मुनिश्री ने कहा कि




### 30 को मनेगा भगवान महावीर जन्म जयंती महोत्सव

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अहिंसा से विश्व में शांति का दिव्य सन्देश देने वाले जैन दर्शन के चैबीस वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म जयंती महोत्सव तीस मार्च को भव्य समारोह के साथ विभिन्न कार्यक्रम के साथ श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में मनाया जायेगा। इस हेतु जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसंल महामंत्री राकेश अमरोद के नेतृत्व में हुई पंचायत कमेटी के बैठक में महावीर जयंती महा महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया, उसी अनुरूप सभी कार्यक्रम होंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप ताराई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के.टी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई, मनोज रन्नौद, श्रेयांस धैला सहित अन्य प्रमुख जनो विशेष रूप से उपस्थित थे।

यदि आप अलौकिक अकल्पनीय सुख चाहते हो तो क्या करना है इस हेतु शास्त्रों में आया है भूत अनुकम्पा, वृति परिसंख्यन आदि सूत्र में दया को प्रधानता दी गई है। जिनेन्द्र भगवान कहते हैं संसार के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति दया करूणा भाव रखता है आप को देने के लिए दया करुणा आपके हृदय में होना चाहिए। जो अपने मन का वाणी अपने शरीर के प्रत्येक अंग का उपयोग दया के लिए करता है उसे पुण्य का वंद होता है।

# युवा संगम कार्यक्रम में 31 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गुरूवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 75 युवाओं का पंजीयन कराया एवं 4 कंपनियों ने 31 आकांक्षी युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की 4 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के 61 स्वरोजगारियों को 82.21लाख का किया गया हितलाभ वितरण

कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार



योजनाओ के 61 हितग्राहियो को 82.21 लाख का ऑनलाइन हितलाभ वितरण किये गए, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह, पी एम स्वनिधि योजना, टांटया मामा स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर स्वरोजगार योजनाओं, आदि के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सत्येंद्र लोधा आदि रहे मौजूद।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह, विनोद गंगवाल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं नोडल अधिकारी (ईव्हीएम), रविन्द्र सूर्यवंशी कोषालय अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (ईव्हीएम) उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो 4 साल पुराना

**अशोकनगर।** खनिज विभाग अशोकनगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला कर्मचारीरूपयों का लेनदेन करते हुए देखीं जा रही हैं। इस वीडियो में दावा किया जा रहा है कि विभाग में रूपयों का लेनदेन हो रहा है। वीडियो की जांच में पता चला कि यह 4 साल पुराना है जिसे एडिटिंग कर अपलोड किया गया है। इस वायरल वीडियों के बाद जब खनिज विभाग के अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा से चर्चा की गई और उनकी जानकारी में यह वीडियो लाया गया तब उन्होंने कहा कि उक्त मामले की जांच की गई है जिसमें पाया गया है कि यह 4 साल पुराना वीडियो है जिसे काट छांट कर प्रसारित किया जा रहा है। जिस महिला कर्मचारी को दिखाया गया है उस महिला कर्मचारी के कार्यालय में इस तरह की कोई बैठक व्यवस्था भी नहीं है। वीडियो में महिला कर्मचारी और बाबू की जो बातें सुनाई दे रही हैं वह बाबू अप्रेल 2022 में ही सेवानिवृत हो गए हैं। उन्होंने पूरी तरह इसे फर्जी वीडियो बताया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत आजाद मोहल्ला अशोकनगर निवासी रूबीना खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से सलमान खान, मुनब्बर और शहवाज खां द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी कृष्णा ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगोले और इन्दू बुन्देला और 3 अज्ञात लोगों ने होटल में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में अविरल जैन निवासी वार्ड न. 4 चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भगोले बुन्देला, इन्दू बुन्देला और 3 अज्ञात लोग ग्राम नानकपुर और सकवारा के बीच उसे उठाकर ले गए और जान से मारने की धमकी दी और पैसों की मांग की गई। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीठला निवासी जितेन्द राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बकील राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायवेनी निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राघवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चंदेरी पुलिस ने बांकलपुर निवासी बुन्देलसिंह लोधी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने मुंगावली निवासी मंगल सिंह सांसी के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मामले में तीन फरार आरोपियों की पुलिस कर रही है तलाश

# 5 लाख की फिरौती के लिए अपहरण करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

एसडीओपी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव द्वारा फिरौती के लिये अपहरण करने वाले एक आरोपी को घटना के कुछ घंटे बाद गिरफ्तार किया ।

25 मार्च में फरियादी कृष्णा ठाकुर द्वारा रिपोर्ट की कि आज दिनांक को दोपहर करीबन 03.30 बजे मेरे होटल नक्षत्र पैलेस पर भगोले बुन्देला, इंदु बुन्देला व अन्य एक व्यक्ति आये और किराये से रूम मांगने लगे, तो मैंने पहचान पत्र मांगा तो नहीं दिया। मैंने कमरा देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर मेरी मारपीट की गंदी-गंदी गालियां दी। उक्त रिपोर्ट पर से थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 176/2026 धारा 333,115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया।



#### अविरल जैन द्वारा भी कराया गया था मामला दर्ज

थाना चंदेरी में ही आवेदक अविरल जैन मुत्र राकेश जैन उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 4 नरसिंह मंदिर के पास चंदेरी द्वारा अपने आवेदन पत्र में दिनांक 25.03.26 के शाम करीबन 4 बजे अपने निजी कार्य से नानकपुर से सकवारा गांव अपनी मोटर साइकिल पर जाना बताया एवं बीच रास्ते में फोन करने के लिये रूका इसी बीच तीन लोग अपनी मोटरसाइकिल से आये जिसमे से एक व्यक्ति जिसका नाम इंदु बुंदेला था जिसने आवेदक को अपने साथ चलने का बोला आवेदक द्वारा मना करने पर उसे लात मारकर जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर दो और साथियों के साथ जिसमें से एक व्यक्ति का नाम भगोल बुंदेला एवं तीसरे व्यकित का नाम नहीं पता होना बताया।

आरोपीगणों द्वारा आवेदक को जबरदस्ती अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर नानकपुर से हिराबल तरफ ले गये एवं वहां पर ले जाकर मां बहिन की बुरी बुरी अश्लील गालियां दी एवं लात घूसों से आवेदक की मारपीट की जिससे उसके शरीर में जगह जगह मूंदी चोटें आयीं और कट्टा अड़ाकर उससे बोले कि अपने घर से पांच लाख रूपये मंगा नहीं तो तुझे जान से मार देगें।

**पुलिस ने आरोपियों की तलाश की, एक गिरफ्तार 3 फरार** आवेदक ने काफी देर तक उनके हाथ पैर जोड़े तब उन्होंने उसे डेढ़ घंटे 6.30 बजे तक का समय पैसे लाने के लिये दिया और उसे छोड़ दिया। आवेदक ने अपने घर पर आकर सारी घटना से अपने घरवालों को अवगत कराया। जिसके बाद वह अपने परिवार के साथ थाना चंदेरी रिपोर्ट करने आया। आवेदक की रिपोर्ट पर से थाना चंदेरी पर अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 140(2), 126(2), 115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। दौराने विवेचना अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपीगणों की तलाश हेतु जगह-जगह दबिस दी गई। मुखविर सूचना व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर चंदेरी, प्राणपुर एंव आस-पास के गांव में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर घटना में सहयोगी एक आरोपी रानू राजा पुत्र राजपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा हाल ग्राम प्राणपुर थाना चंदेरी को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया। एवं अन्य आरोपीगण 01. इंदु पुत्र छत्रपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा 02. भगोले उर्फ रनवीर पुत्र बृजेन्द्र बुन्देला निवासी ग्राम जमुसर 03. जगदीश पटेल (कुर्मी) निवासी बैलाताल ललितपुर की तलाश हेतु 03 पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिस दी जा रही। तीनों आरोपीगणों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## फरियादी को धमकाने वाला फरार पार्षद गिरफ्तार, सोशल मीडिया पोस्ट भी जांच के दायरे में, पुलिस ने निकाला जुलूस

पिछली 5 मार्च को अशोकनगर के सट्टा किंग आजाद खान के छोटे भाई पार्षद राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं उसके साथी अल्ताफ द्वारा पठार मोहल्ला निवासी फरियादी गोपाल यादव के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में 13 मार्च को फरियादी गोपाल यादव द्वारा आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं अल्ताफ खान के विरूद्ध थाना कोतवाली में रिपोर्ट करने पर अपराध क्रमांक 165/26 धारा 115(2), 296 (बी), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।उक्त प्रकरण के पश्चात 22 मार्च को आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना द्वारा हथियार लेकर फरियादी के घर में घुसकर उसे थाने में रिपोर्ट करने पर धमकाया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई । जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 195/26 धारा 331(6), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। एसडीओपी अनुभाग अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान ने उनि आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना की। आरोपी अपने पकड़े जाने के भय से घर से फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर 25 मार्च को विधिवत गिरफ्तार किया गया। फरारी के दौरान आरोपी राशिद उर्फ चिन्ना



खान द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर भीड़ एकत्रित कर विभिन्न समूहों के बीच धार्मिक एवं जाति सौहार्द खराब करने संबंधी पोस्ट की गई, उक्त संबंध में 26 मार्च को आवेदक अवतार सुमन निवासी बोहरे कालोनी द्वारा थाना कोतवाली में आरोपी राशिद उर्फ चिन्ना खान के विरूद्ध एक लेखीय आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्रमांक 196/2026 धारा 196 (1) (इ),223 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## घर-घर में की गई अष्टमी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

रामनवमी से पहले अशोकनगर शहर में घर-घर में दुर्गा अष्टमी की पूजा की गई। रामनवमी के दिन नवमी की पूजा की जाएगी। किसी के द्वारा अष्टमी की पूजा की जाती है और किसी के द्वारा नवमी के दिन पूजा की जाती है।

देवी मां की आराधना का पर्व नव वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होता है और नौ दिनों तक चलता है। इन नौ दिनों तक देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है अलग-अलग ढंग से लोग माता की भक्ति करते हैं। शाम की अवधि में घरों में परिवार जन सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आरती के आयोजन में भाग लेते देखे जा रहे थें। शहर में शीतला माता के दरबार में बड़ी संख्या में सुबह से ही महिलाएं अभिषेक करने के लिए पिछले 9 दिनों से पहुंच रही थीं। इसके अलावा जिले भर के माता के शक्ति स्थल आस्था के केंद्र बने हुए हैं। तूमैन की विंध्यवासिनी माता, कदवाया की बिजासन माता और चंदेरी की जागेश्वरी देवी के दरबार जनता से भरे रहे। श्रद्धालुओं ने पूरे समय दर्शन किये अनेक लोग परिवार सहित पहुंच। कई लोग जवारे लेकर भी माता के दरबार में जाते हुए देखे गए। शहर शीतला माता के दरबार के बाहर भी महिलाएं अष्टमी की पूजा करते हुए नजर आई। इस तरह रामनवमी के पर्व से पहले माता की आराधना 9 दिनों तक की गई और उसके बाद राम जी की जयंती रामनवमी के रूप में भक्ति भाव से मनाई जाएगी।

### बैसाखी पर्व के अवसर पर दिल्ली-अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन का संचालन होगा

**अशोकनगर।** यात्रियों की सुविधा एवं आगामी बैसाखी पर्व के दौरान तीर्थ यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के मध्य चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 11 अप्रेल (शनिवार) को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। जो 12 अप्रेल को अशोकनगर आएगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए 15 अप्रेल (बुधवार) को शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 24 आईसीएफ कोच (बायो-टॉयलेट सहित) लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल रहेगें। यह विशेष ट्रेन मार्ग में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, पलवल रेलवे स्टेशन, कोसीकलां रेलवे स्टेशन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन एवं बीना जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### रिकार्ड कैंसर के ऑपरेशन करने वाले डॉ. नीरज छारी सम्मानित




अशोकनगर। जिला मुख्यालय अशोकनगर में सीएचएमओ के पद पर पदस्थ रहे डॉक्टर नीरज छारी का उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि को लेकर उनका सम्मान मध्यप्रदेश के इंदौर शहर की एडवांस एकादमी द्वारा किया गया। यह सम्मान उन्हें लेफ्टीनेंट कर्नल श्री राहुल भोरास्कर के हाथों प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें अशोकनगर में महिला स्तन कैंसर के लिए रिकार्ड किए गए ऑपरेशन के लिए प्रदान किया गया है।

### बस्ती में छाया अंधेरा, लोग हुए परेशान

## दयालपुर आदिवासी बस्ती में बिजली विभाग ने काटा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ईसागढ़

आदिवासी बस्ती में बिजली कनेक्शन किए जाते है उनको बिल नहीं दिए जाते है और जब मार्च माह आता है तो बिना बताए उनकी बिजली कट कर दी जाती है ऐसे में घरों में अंधेरा छा जाता है क्योंकि अब केरोसिन तेल भी नहीं मिलता और ऐसे में हैंड पंप में मोटर डाल दी गई है तो बिजली कट होने से जल संकट भी पैदा हो रहा है।



कटाई का सीजन चल रहा है लोग फसलें काटने गांव से दूसरे गांव पलायन कर जाते है जब वह मजदूरी से लौटेंगे तभी तो बिजली बिल भरेंगे। ऐसे में जो लोग बस्ती में रह रहे हैं उनको पानी की समस्या हो रही है। वहीं उनके आला अधिकारियों की लापरवाही जो बिना बिल बिना नोटिस दिए बिजली को काट रहे है जिससे ग्रामीण आदिवासियों का जीना हुआ मुश्किल ग्राम दयालपुर में वैसे भी प्रतिवर्ष जल संकट छाता है ऐसे में बिजली कट होने से डबल मार अंधेरे में रहने को विवश और गर्मी में मच्छरों से बीमार होने का खतरा बना हुआ है। जबकि देखा जाए तो नगर ग्रामों एवं शासकीय विभागों में लाखों रुपए बिल बकाया है वहां के कनेक्शन क्यों नहीं काटे जाते है। ऐसा भेदभाव क्यों जिनके इसके लिए अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमनसिंह आदिवासी से इस बारे में बात की तो उनका कहना है कि मैं इस बारे में विधायक को अवगत कराकर बिजली चालू करवाता हूं। अनिरुद्ध यादव एमपीइबी ईसागढ़ उपयंत्री से जब इस बारे में बात की तो उनका कहना है कि इनका जो बकाया बिल है उसको जमा करवा दे हम बिजली चालू करवा देंगे।

## महावीर जयंती पर किए जाएंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमीति अशोकनगर द्वारा आदिनाथ जंयती से महावीर जयंती तक प्रतिदिन घर घर में भक्तावंर पाठ के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके साथ मंगल गान का आयोजन भी हो रहा है। भक्ति नृत्य के साथ-साथ कंपटीशन कलश सजाओ प्रतियोगिता,डाडिया साजाओ, जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता, अष्ट प्रतिहार सजाओ, आरती सजाओ, णमोकार मंत्र सजाओ,16 सपने आदि प्रतियोगिता के साथ ही घर पर प्रश्नमंच भी रखा गया।



आदिनाथ भगवान से लेकर महावीर भगवान के बारे में प्रश्न रखे जाते है। जिसमें भगवान महावीर एवं आदिनाथ चरित का घर घर स्वाध्याय चल रहा है इसी के तहत 5 दिवसीय भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव के पूर्व विशेष कार्यक्रम आयोजित होगे इसी श्रृंखला में 25 मार्च से प्रथम दिन भगवान महावीर स्वामी के गर्भ में आने की पूर्व क्रिया मां त्रिशला की अस्टकुमारियों द्वारा सेवा का मंचन लघुनाटिका द्वारा किया जा रहा है। 26 मार्च को भगवान की माँ के सोलह सपनों का फल लघु नाटिका का मंचन किया गया। 27 मार्च को माता की गोद भराई कार्यक्रम एवं सादे सजाओ प्रतियोगिता रखी जायेगी। 28 मार्च को राजा सिदार्थ एवं माता त्रिशला के दरवार में इंद्र इंद्राणी द्वारा रतनो की वर्षा एवं खुशियां मनाई जाएंगीं। 29 मार्च को बालक महावीर का जन्म एवं मंगल बधाईयों पालना झूलने का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में महामंत्री प्रियंका जैन के द्वारा कराया जा रहा है इसमें बहुत से पदाधिकारी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। नीतू मूडरा, विनीता सोनी, विनीता मिर्ची, सांस्कृतिक मंत्री प्रीति भंडारी, आशीका मिर्ची, सिम्मी जैन, अभिलाषा पत्रकार,मंत्री वर्षा सिंघई, सपना अजमेरा, प्रतिभा जैन, रानी रसीला, नंदा सोनीख सुनीता चैधरीख नम्रता बड़कुल आदि वरिष्ठ सदस्य एवं समस्त कार्यकारिणी शामिल रहीं। आगे भी चार दिन और भी धूमधाम से प्रोग्राम कराए जाएंगे इसमें सभी लोग सम्मिलित रहेंगे।

### रामनवमी पर निकलेगा चल समारोह, मंदिरों को आर्कषक ढंग से सजाया गया


# रामनवमी से पहले जन आस्था का केंद्र बना राम जी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर


जिला मुख्यालय पर प्रभु श्री राम जी के दरबार रामनवमी के पर्व से पहले जन आस्था के केंद्र बन गए हैं। इन स्थानों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। रामनवमी के मौके पर मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की जा रही है मंदिरों को आकर्षक लाइट एवं फूलों से सजाया जा रहा है । अशोकनगर जिला मुख्यालय पर अगर राम दरबार की बात करें तो एक नहीं कई राम दरबार के आपके दर्शन हो सकते हैं। राम जन्मभूमि में रामलला का दरबार बनने के बाद अशोकनगर जिला मुख्यालय पर भी कई दरबार देखने को मिले हैं। इन दरबारों में भगवान श्री राम के साथ जानकी जी, लक्ष्मण जी, हनुमान जी, भी साथ में नजर आते हैं। इन मंदिरों में आकर्षक प्रतिमाएं और भगवान के आकर्षक श्रंगार किए गए है। इन मंदिरों में कई दरबार तो ऐसे हैं कि यह देखने के बाद ऐसा लगता है कि इन मंदिरों में ही भगवान के दर्शन करते रहें। प्रतिमाएं अत्यंत मनोहारी हैं।


#### आसमानी माता मंदिर पर राम दरबार अनूंठा

ऐसे ही मंदिरो में अशोकनगर के आसमानी माता मंदिर पर भगवान राम का दरबार अद्भुत और अनूठा है यहां प्रतिमाएं लोगों का मन मोह लेती है। राम दरबार में आने के बाद श्रद्धालु आत्म मुग्ध हो जाते हैं।









#### पुंडरीकाक्ष मंदिर पर भी आकर्षक दरबार

ऐसा ही दरवार पुंडरीकाक्ष मंदिर पर है। यहां का राम दरबार रामलला के अयोध्या में विराजमान होने के दौरान अस्तित्व में आया था। यहां प्रभु श्री राम का दरबार तो है ही यहां जानकी, लक्ष्मण जी और हनुमान जी भी हैं। रामनवमी से पहले यहां आकर्षक श्रंगार किया गया है

#### शिव टोरिया पर भी राम दरबार दर्शनीय

इसी तरह अशोकनगर की शिव टोरिया पर भी राम दरबार दर्शनीय है। यहां भी प्रतिमाएं अद्भुत है यहां पहले ही शिव जी का दरबार था। हनुमान जी का दरबार भी है और साथ में राम जी का दरबार होने के साथ नगर पालिका द्वारा यहां पर आकर्षक झूले लगवाए गए हैं और पूरे स्थान को लोगों की सेहत से जोड़ा गया है। इस कारण यह स्थान लोगों को खूब रास आ रहा है।

#### रघुवंशी समाज का राम दरबार भी विशेष

इसी प्रकार का मंदिर रघुवंशी धर्मशाला के पास रघुवंशी समाज द्वारा बनाया गया है। यहां भी राम दरबार की प्रतिमाएं अद्भुत और अद्वितीय हैं। जहां राम जी का दरवार है। वहा हनुमान जी का दरबार है। इसी प्रकार शहर के मंशापूर्ण हनुमान मन्दिर है। उसी के ठीक सामने रामलला का दरबार बनाया गया है यहां भी राम दरबार की महिमा देखने के लायक है।

#### शहर के सराफा बाजार में सबसे पुराना राम दरबार

शहर का सराफा बाजार हनुमान मंदिर शहर के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है, यहां राम जी का दरबार दर्शनीय है। प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचते हैं और यही से रामनवमी के मौके पर चल समारोह का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरे दिन मंदिरों में तैयारियां चलती रहे रामनवमी पर अशोकनगर में जयकारे गूंजेंगे।

### अशोकनगर में रामनवमी के मौके पर चल समारोह भक्ति भाव से निकलेगा



यहां की बरसों पुरानी परंपरा के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म जयंती के मौके पर एक चल समारोह का आयोजन किया गया है। इस बार भी यह चल समारोह भक्ति भाव से शहर के सराफा बाजार, हनुमान मंदिर से निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भाग लेंगे।

अभी से ही शहर में राम जी के नाम के जयकारे गूंज रहे हैं। शहर में चल समारोह की शुरुआत से पहले मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। चल समारोह की तैयारियां पूरे दिन की जाती रहीं। इस दौरान भगवान को चांदी के विमान में शहर भ्रमण पर निकाला जाएगा। दोपहर 12 भगवान के जन्मोत्सव का उत्सव सराफा बाजार हनुमान मंदिर में मनाया जाएगा। शहर में चल समारोह की शुरुआत दोपहर 3:00 बजे सराफा बाजार हनुमान मंदिर से होगी। यह चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगा शहर के सभी समाज जन इस चल समारोह का हिस्सा बनेंगे। भगवान का यह विमान उत्सव सदर बाजार से सुभाषगंज, स्टेशन रोड, गांधी पाकर्, पुराना बस स्टैंड,पुराना बाजार ,प्रोसेशन रोड, इंदिरा पार्क आदि मार्ग से निकलेगा। जगह जगह भगवान की आरती की जाएगी। समाज से भी संस्थाओं द्वारा चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं का भक्ति भाव से स्वागत किया जाएगा। भजन कीर्तन के आयोजन होंगे। अशोकनगर को राम मय बनाने की तैयारी की जा रही हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं को शहर के राम दरबार में जाते हुए देखा जाएगा।

## नगर में होंगे कई विकास कार्य, कई निर्णय पर विमर्श के बाद सहमति

# नपा से 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 का अनुमानित बजट हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिसमें सभी 22 प्रस्तावों को एकमत से मंजूरी मिली है। सम्मेलन में नगर पालिका की स्वामित्व वाली उस भूमि पर भी चर्चा हुई, जिसे वर्ष 2012-13 में मधुमिलन फैक्ट्री को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि समाप्त होने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि भूमि को पुनः नगर पालिका को हस्तांतरित कराया जाए और बकाया राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।




### मुख्यमंत्री द्वारा दिए 10 करोड़ से यह होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 करोड़ रुपये की राशि के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिली। इनमें ओल्ड सुठालिया रोड पर 50 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण, ऑडिटोरियम के आंतरिक कार्यों के लिए 150 लाख रुपये, राजगढ़ रोड पर सब्जी विक्रेताओं के लिए टीनशेड निर्माण हेतु 50 लाख रुपये और दशहरा मैदान में आरसीसी निर्माण के लिए 100 लाख रुपये शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, शहर के सभी वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए 450 लाख रुपये तथा अंजनीलाल मंदिर मार्ग पर सीसी निर्माण के लिए 200 लाख रुपये की मंजूरी दी गई।

जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल शुद्धिकरण सामग्री, हैंडपंप उपकरण और पाइप मरम्मत सामग्री की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। स्ट्रीट लाइट के संचालन एवं संधारण, विद्युत सामग्री क्रय और भविष्य में सोलर लाइट व्यवस्था लागू करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली।नए नगर पालिका भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने पर भी सहमति बनी।

### दुकानों की फिर होगी नीलामी प्रक्रिया

दुकानों की पुनः नीलामी प्रक्रिया और बकाया प्रीमियम राशि जमा न करने पर दुकानों को राजसात करने जैसे प्रस्तावों को भी पारित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष अतुल जगताप सहित सभी पार्षद, सीएमओ इकरार अहमद उपस्थित थे।

## अभा ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरुकता कार्यक्रम

# भारत व रुपया मजबूत करने स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग जरूरी: दिनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़





अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई नरसिंहगढ़ द्वारा सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय ग्राहक सम्मेलन एवं प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दिनकर सबनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत, मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान सह प्रांत समरसता प्रमुख, विशिष्ट अतिथि अंलकार वशिष्ट मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री एवं सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष विवेक भटनागर, प्रांत सचिव राजेश बाबू दांगी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत मां भारती एवं स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलन के साथ की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित ग्राहक शक्ति एवं ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। मुख्य वक्ता सबनीस जी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत और रूपया को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग आवश्यक है, उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्वदेशी एवं विदेश वस्तुओं के क्रय विक्रय से भारतीय रूपया और डॉलर के मूल्य के अंतर को स्पष्ट किया तथा उन्होनें कहा कि बाजार परिवर्तन हो या व्यवस्था परिवर्तन ग्राहक को आवाज उठाना चाहिए, क्योंकि ग्राहक रहेगा मौन तो उसकी सुनेगा कौन, ग्राहक पंचायत के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किये गये प्रयासों से आये परिवर्तनों एवं ग्राहकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुये उन्होनें भारत सरकार द्वारा ग्राहकों के लिये जारी हेल्पलाईन नंबरों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान ने कहा कि देश निरंतर विकास कर रहा है और समाज में जागृति आ रही है, समाज को सशक्त बनाना हमारा काम है, देश के प्रत्येक नागरिक स्व को लेकर अपना कार्य करेंगे तो हम किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। अलंकार वशिष्ठ ने ग्राहक पंचायत संगठन की इतिहास और उद्देश्य के बारे विस्तार से सभी को जानकारी दी। ग्राहक पंचायत का कार्य आज गांव गांव तक पहुंच गया। हमारा संकल्प है की समाज शोषण मुक्त हो यह तभी संभव है जब प्रत्येक ग्राहक जागरूक होगा। सुरेंद्र सक्सेना ने उपभोक्ता के कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी सभी ग्राहकों को दी और शोषित ग्राहक को न्याय पाने के लिए उपभोक्ता फोरम में किस प्रकार से ग्राहक आकार प्रतिवाद लगा सकता है।

# पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी व खोज-बचाव प्रशिक्षण का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन गुरूवार को किया गया। यह प्रशिक्षण 30 मार्च, 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि प्रोफेसर पालिटेक्निक महाविद्यलाय श्री राजू जैतवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती माता को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालिन्टियर, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, महाविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सदस्य भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डॉ. रजत कुलश्रेष्ठ एवं श्री डी.आर.वर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट एवं प्लाटून कमाण्डर श्री सुनिल अहिरवाल होमगार्ड द्वारा भूकंप जैसे आपदाओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक, आपदा प्रबंधन के समन्वयित प्रयास तथा ध्वस्त संरचनाओं में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के संबंध में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना, जन-धन की हानि को न्यूनतम करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना है।

# कलेक्टर ने लायरा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, कहा: स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वाथ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि लापरवाही न हो। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, दवाओं की



उपलब्धता, मरीजों के उपचार, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टाफ की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले और किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है।

# जमीन सौदे में फंसे 15 लाख रुपए लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक में विभिन्न जटिल पारिवारिक व आर्थिक प्रकरणों की सुनवाई कर संतोषजनक समाधान किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने जमीन खरीद के लिए दिए गए 15 लाख रुपए वापस न मिलने की शिकायत की थी। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देने पर विक्रेता ने पूरी राशि लौटाने के साथ 2.5 लाख रुपए ब्याज देने पर सहमति जताई। पीड़िता ने राहत मिलने पर संतोष व्यक्त किया। गंजबासौदा की एक वृद्ध महिला ने बेटे-बहू के व्यवहार से परेशान होकर शिकायत की थी। पंचायत में समझाइश के बाद तय हुआ कि महिला अपने मकान के ऊपरी हिस्से में रहेंगी, जबकि बेटा-बहू नीचे निवास करेंगे। एक माह बाद समीक्षा के निर्देश दिए।

## श्रीराम जन्मोत्सव फूलमाली समाज का चल समारोह निकलेगा कल

सरंगपुर। फूलमाली समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस साल भी श्रीराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें 27 मार्च को नगर के माली समाज के सभी राम मंदिरों में भव्य कथा का आयोजन होगा और 28 मार्च शनिवार को प्रत्येक मोहल्ले से आंखाड़ों के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। नगर में परंपरानुसार फूलमाली समाज के 6 अखाड़े चल समारोह में शामिल होंगे। साथ ही श्रीराम की आकर्षक एवं भव्य झांकी ढोल ताशे कीर्तन मंडली सहित भगवान के आकर्षक डोल चल समारोह में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सभी समाज धर्म प्रेमी बंधुओ से सकल पंचायत अध्यक्ष शिवानारायण काका, भैरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, खारिया पंचायत अध्यक्ष रवि सर, कीड़ी पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद और पछेटवाड़ी पंचायत अध्यक्ष कैलाश पुष्पद, केसी वर्मा ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ लेने की अपील की। उपरोक्त जानकारी फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने दी।

## रामनवमी पर 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**ब्यावरा।** सामाजिक समरसता और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शहर में श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर ढ़कोरा रोड के तत्वावधान में 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी के पावन अवसर पर आज शुक्रवार को ढकोरा रोड स्थित मंदिर परिसर में संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और इसे भव्य व सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी जोड़ों के लिए वर पक्ष और वधु पक्ष दोनों ओर से पूरी व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया पार्टी के प्रति पूर्णतः समर्पण रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के आवास कालोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दो दिवसीय भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मण्डल महाअभियान पर यह शिविर केवल पारंपरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं को बदलते राजनीतिक दौर के अनुरूप ग्राउंड . डिजिटल मॉडल पर तैयार करने का प्रयास भी दिखा। इस प्रशिक्षण में 8 सत्रों के जरिए कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, विचारधारा और तकनीकी दक्षता का मिश्रित प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक पुरसिह पंवार, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, बलराम टांक सहित जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने



कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास से जोड़ते हुए समर्पण और निरंतर सक्रियता का संदेश दिया। शिविर में अनुशासन, संवाद और सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह प्रशिक्षण महाअभियान एक तरह से संगठन के नए वर्किंग मॉडल की झलक भी रहा, जहां बूथ स्तर की मजबूती के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पकड़ को भी उतनी ही अहमियत दी जा रही है। मण्डल के कार्यकताओं सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पत्नी वियोग में पति की जहर से मौत परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

लीमाचैहान थाना क्षेत्र के दराना गांव में एक युवक ने पत्नि के वियोग में जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक बालू वर्मा 28 वर्ष की बुधवार रात इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब 4 बजे शव लेकर पहुंचे परिजनों ने लीमाचैहान थाना के सामने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम की स्थिति बना दी और पुलिस पर समय पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। बाद में एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने पीड़ितों को आश्वासन दिया उसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, बालू वर्मा



और उसकी पत्नी संगीता वर्मा के बीच करीब दो सप्ताह पहले विवाद हुआ था। चार बेटियों की मां संगीता, दो बेटियों को साथ लेकर बिना बताए अपने मायके गोंदलमऊ चली गई थी। इस पर बालू ने लीमाचैहान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को दस्तयाब कर दोनों के बीच बातचीत कराई, लेकिन पत्नी के वापस लौटने से इनकार करने पर बालू ने करीब पांच दिन पहले खेतों में उपयोग होने वाली कीटनाशक दवा पी ली। गंभीर हालात में उसे सारंगपुर से इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

## ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण हुआ आसान



**ब्यावरा।** कृषि विभाग ने गुरुवार को जनपद पंचायत खिलचीपुर सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी, सहकारी समिति प्रबंधक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कृषि विस्तार अधिकारी शामिल हुए।अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री प्रहलाद सिंह बारेला ने प्रतिभागियों को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया सविस्तार समझाई, ताकि किसानों को उर्वरक वितरण में कोई परेशानी न हो। इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता प्रदान करना है। ई-टोकन प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक प्राप्ति के लिए एक डिजिटल टोकन प्रदान किया जाता है, जिसमें उनकी आवश्यकता अनुसार उर्वरक की मात्रा, वितरण केंद्र, तिथि और समय का उल्लेख होता है। इससे किसानों को लंबी कतारों में लगने की झंझट खत्म हो जाती है। उप संचालक कृषि श्री सचिन जैन द्वारा किसानों को संतुलित मात्रा में खाद डालने की सलाह देने के संबंध में विस्तार से बताया।

## नगरीय प्रशासन की ओर से विभाग के अधिकारी को दिया सूचना पत्र

# संपत्ति कर बकाया होने पर नपा ने विद्युत दफ्तर में लगाया ताला, गायब हो गई शहर की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगरीय प्रशासन की और से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के संभागीय अधिकारी का सूचना पत्र जारी कर जिले की समस्त नगर पालिकाओं की संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए सूचना दी गई है उसी क्रम में प्रशासन की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए की संपत्ति कर तत्काल वसूल करें नगरी प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार सारंगपुर नगरपालिका के द्वारा अपना संपत्ति कर वसूलने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सारंगपुर को कई नोटिस दिए लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया ना कोई राशि जमा की इस पर गुरुवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने विद्युत विभाग के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मौका पंचनामा बनाकर अधीक्षण यंत्री कार्यालय सहित बिजली विभाग के दफ्तर पर ताला लगाकर सील कर दिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय सारंगपुर पर नगर पालिका का संपत्ति कर बकाया टैक्स



की वसूली को लेकर की गई। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका द्वारा बीते 4-5 वर्षों से भवन कर, स्वच्छता कर और प्रकाश कर की राशि की मांग की जा रही थी। बिजली विभाग पर कुल 1 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नपा द्वारा पिछले दो वर्षों में लगभग 20 से अधिक नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन विभाग ने राशि जमा नहीं की। इसी बीच बुधवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल का हवाला देते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जबकि नगर पालिका का कहना है कि पहले ही बिल एडजस्टमेंट के लिए विभाग को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट बंद करने से नाराज नपा ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय में ताला लगाकर सील कर दिया।

नगर पालिका एवं विद्युत मंडल की राजस्व वसूली नगर वासियों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है गर्मी के मौसम और दुर्गा पूजा के अवसर पर दो विभागों के बीच का लेनदेन नगर वासियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है दोपहर से नगर की बिजली बंद है विद्युत विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बिजली फाल्ट है और कार्यालय में ताला लगा है ऐसे में सुधार कार्य का समान कैसे निकाले जब ताला खुलेगा तभी समान निकलेगा इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी बात कर रहे है लेकिन सत्यता यही है कि खबर लिखे जाने तक नगर की बिजली पूर्ण रूप से बंद है इधर नपा अधिकारी दीपक रानवे ने बताया कि जब तक बकाया टैक्स और पेनल्टी की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक कार्यालय पर लगा ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की राशि वसूलना जरूरी है और इसी उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है।

### इनका कहना है

नगरीय प्रशासन विभाग की और से संपत्ति कर वसूली के लिए पत्र प्राप्त हुआ था इसी के पालन में विद्युत मंडल कार्यालय में ताला डाला गया है।

**दीपक रानवे**, सीएमओ सारंगपुर,

नगर पालिका सारंगपुर की और से संपत्ति कर वसूली का नोटिस दिया गया। नोटिस में 15 दिवस को काटकर दो दिवस का समय देकर संपत्ति कर वसूली की मांग की गई। हमारे द्वारा नपा प्रशासन से संपत्ति कर किस दर से वसूली नोटिस दिया इसकी जानकारी चाही गई लेकिन जानकारी तो नहीं दी और ऑफिस में ताला डाल दिया गया।

**विद्यासागर सिंह,**
सहायक यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी सारंगपुर